भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 591

गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवा

591. श्री लुम्बा राम:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार को राजस्थान सहित देश भर में लागू की गई क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना के तहत मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवा आरंभ करने का कोई प्रस्ताव भेजा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एक समुदाय ने मानपुर हवाई पट्टी से अहमदाबाद, जयपुर, दिल्ली, मुम्बई और उदयपुर सहित देश के अन्य शहरों और महानगरों के लिए उड़ानों का प्रचालन आरंभ होने से पहले सभी उड़ानों में टिकट बुक कराने का आश्वासन दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) के अंतर्गत मानपुर हवाई पट्टी से हवाई सेवा आरंभ होने में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर
नागर विमानन राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): राजस्थान में मानपुर, आबू रोड हवाईपट्टी क्षेत्रीय संपर्क योजना- उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस उड़ान) दस्तावेज में बोली प्रक्रिया के लिए असेवित हवाईअड्डों की सूची में उपलब्ध है। उड़ान एक बाजार संचालित योजना है, जिसमें अधिक गंतव्यों/स्टेशनों और मार्गों को कवर करने के लिए समय-समय पर बोली प्रक्रिया के दौर आयोजित किए जाते हैं। विशेष मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, इच्छुक एयरलाइनें उड़ान के तहत बोली के समय आरसीएस हवाईअड्डों के लिए अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। उड़ान योजना के तहत बोली प्रक्रिया के पांच दौर पूरे होने तक मानपुर हवाईपट्टी से/तक उड़ान परिचालित करने के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई है। योजना के प्रावधानों के अनुसार, असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों का जीर्णोद्धार/उन्नयन वैध बोली प्रक्रिया के माध्यम से इसे चिन्हित करके और एसएओ (चयनित एयरलाइन परिचालक) को प्रदान किए जाने पर किया जाता है।

******